Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजिटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 28-03-2022 | अंक 180

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## बरही रामनवमी महासमिति के अध्यक्ष रमेश ठाकुर एवं महासचिव बने अमित साहू




बरही धनबाद रोड में स्थित भगवती मंदिर में रामनवमी पूजा को लेकर अमित साहू की अध्यक्षता में बैठक किया गया। जिसमे सभी के सहमति पर रमेश ठाकुर अध्यक्ष, अमित कुमार साहू महासचिव, उपाध्यक्ष सिकंदर राणा, कुणाल कतरियार, छोटन ठाकुर, सिकंदर निषाद, गुरुदेव गुप्ता, राजकुमार केशरी, बद्री यादव, साधुसरण दास एवं राजेश केशरी, कोषध्यक्ष बलराम केशरी, रितेश गुप्ता एवं महामंत्री राजेंद्र मधेशिया को चुना गया। मौके पर राजेश केशरी उर्फ मेवालाल, जीतू कुमार, मनोज कुमार, अमित कुमार सिंह, संदीप सिंह, पंकज केशरी एवं सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## मारपीट में महिला घायल, रेफर



बरही थाना अंतर्गत बरही पश्चिमी पंचायत के बरहीडीह निवासी रिंकी देवी उम्र 29 वर्ष पति बीरेंद्र राणा मारपीट में घायल हो गई। मारपीट के बाद महिला बरही थाना पहुंची जहां पीड़ित महिला की गंभीर स्थिति को देखते हुए थाना के पुलिसकर्मियों ने बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया साथ ही उन्होंने बताया कि महिला के साथ मारपीट उनके पति बीरेंद्र राणा के द्वारा किया गया है। वहीं बरही अनुमंडलीय अस्पताल से महिला का प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर कर दिया गया।

## सड़क दुर्घटना में एक घायल, रेफर



बरही प्रखंड अंतर्गत गैरियाकरमा पंचायत के खैरोन निवासी पप्पू सिंह उम्र 46 वर्ष पिता नरेश सिंह सड़क दुर्घटना में घायल हो गए। आस पास के लोगो ने उन्हे बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर कर दिया गया ।बरही प्रखंड अंतर्गत गैरियाकरमा पंचायत के खैरोन निवासी पप्पू सिंह उम्र 46 वर्ष पिता नरेश सिंह सड़क दुर्घटना में घायल हो गए। आस पास के लोगो ने उन्हे बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर कर दिया गया ।

APEM LIVE

# लिटिल स्टेप बोर्डिंग स्कूल (विजैया) में बिदाई सह सम्मान समारोह का किया गया आयोजन, जीप प्रतिनिधि मो कयूम हुए शामिल

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरही प्रखंड अंतर्गत विजैया में संचालित लिटिल स्टेप बोर्डिंग स्कूल में सोमवार को कक्षा दसवीं के विद्यार्थियों के लिए बि. दाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमे बतौर मुख्य अतिथि बरही पूर्वी जीप प्रतिनिधि मो कयूम एवं स्थानीय मुखिया दशरथ यादव शामिल हुए। वहीं विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए जीप प्रति. निधि मो कयूम ने कहा की छात्र एवं छात्राओं में अनुशासन और उनकी प्रतिभा विद्यालय की पहचान है। मैट्रिक परीक्षा नजदीक है। परीक्षा में बेहतर परिणाम से स्कूल का गौरव बढ़ेगा। उन्होंने कक्षा दसवीं के छात्र एवं छात्राओं से मन लगाकर पढ़ाई करने और अच्छे अंक से सफलता हासिल कर विद्यालय का नाम रौशन करने को कहा। साथ ही साथ उन्होंने कहा की स्वागत और बिदाई नदी की धारा है, सम्मान पाने के लिए3 सम्मान देना पड़ता है। जिसका प्रत्यक्ष प्रमाण है की जूनियर बच्चे सीनियर बच्चो को सम्मान पूर्वक बिदाई दी रहे है। सीनियर बच्चे का स्नेह जूनियर बच्चे पर हमेशा बना रहे यही मेरी शुभकामना है। वही विद्यालय परिवार के तरफ से दसवीं के सभी छात्रों को कलम देकर सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वाले छात्रों में सीमा कुमारी, मुस्कान कुमारी, मनिता कुमारी, रघुनंदन कुमार, नीतीश कुमार एवं पंकज कुमार शामिल है। मौके पर समाजसेवी पप्पू खान, राजेश यादव, मो सलामत, रवि कुमार, सुभाष यादव एवं महेंद्र ठाकुर मुख्य रूप से मौजूद थे।




छात्रों के साथ जीप प्रतिनिधि मो कयूम वा अन्य

# संस्कार युक्त शिक्षा से बच्चो का चरित्र निर्माण संभव : नाजीर अख्तर

## भामाशाह विद्यालय में आचार्य कार्यशाला का आयोजन

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बरही में दो दिवसीय आचार्य कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन एस.डी.पी.ओ. नाजिर अख्तर एवं विद्यालय प्रबंध कारिणी समिति के अध्यक्ष अमित कुमार, सचिव नागेंद्र कुमार, साहू समाज के मुखिया पदेन सदस्य सुरेश साव एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य रजनीश पांडेय के द्वारा सामूहिक रूप से दीप जलाकर किया गया। यह दो दिवसीय कार्यशाला पांच सत्रों में विभक्त होकर सुबह 8:00 बजे से प्रारंभ होकर शाम 5:00 बजे तक चली। मौके पर नाजिर अख्तर ने कहा कि बच्चों को संस्कार युक्त शिक्षा मिलने से वह देश का अच्छा नागरिक बन पाता है। संस्कार युक्त शिक्षा से ही बच्चो में नैतिक चरित्र निर्माण संभव है। शिक्षा का एक मात्र उद्देश्य नौकरी नही होर्नी चाहिए। उन्हें नैतिकता का भी ज्ञान होर्नी चाहिए। वहीं कैलाश राय के प्रधानाचार्य शर्मेंद्र साहू ने कहा कि विद्या भारती के विद्यालय से शिक्षा प्राप्त कर निकले बच्चे आज जहां कहीं भी हैं, उनमें संस्कार का दर्शन स्पष्ट हो जाता है। वहीं विद्यालय के प्रधानाचार्य रजनीश पांडेय ने कहा कि इस तरह के कार्यशाला से आचार्यो के व्यक्तित्व का विकास होता है। इसलिए इस तरह का कार्यक्रम आवश्यक हो जाता है। कार्यशाला में मनीष कुमार सिन्हा, जुली कुमारी, चंद्रमोहन मिश्रा, राजू कुमार सहित कई आचार्य मौजूद रहे।




कार्यशाला में मौजूद अतिथि गण

APEM LIVE

डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार | सहयोगीः सोनू पंडित | एडिटरः सोनू पंडित | मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

## अंजनी अखाड़ा के अध्यक्ष बने सुनील साहू, संरक्षक बने अमित साहू

### कण कण में है मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम : सुनील साहू

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बैठक में शामिल अंजनी अखाड़ा के लोग

बरही पटना रोड स्थित साहू धर्मशाला में बीते संध्या समय महा रामनवमी पर्व को लेकर अंजनी अखाड़ा की बैठक हुई । बैठक की अध्यक्षता व संचालन अमित साहू ने किया । जिसमें पिछले वर्ष पूजा में हुए आय-व्यय खर्च का हिसाब दिया गया । तत्पश्चात इस वर्ष के लिए पूजा कमेटी का चयन किया गया। जिसमें अध्यक्ष पद के लिए सुनील साहू को सर्वसम्मति से चुना गया। अध्यक्ष बनने के बाद मौके पर सुनील साहू ने कहा, राम सिर्फ दो अक्षर का नाम नहीं, राम प्रत्येक प्राणी में रमा हुआ है, राम चेतना और सजीवता का प्रमाण है। अगर राम नहीं तो जीवन मरा है।नई कमेटी में अध्यक्ष सुनील साहू ,उपाध्यक्ष राजेश केसरी ,पंकज सिंह ,संदीप केसरी ,सचिव संजय यादव, कोषाध्यक्ष अरुण यादव ,सह कोषाध्यक्ष गोलू केसरी संरक्षक भगवान केसरी, अमित साहू ,विनोद साव, विजय प्रसाद दिनेश साव ,मनोज साव आदि को बनाया गया। मौके पर विनोद कुमार ,नीरज कुमार, सचिन कुमार ,चंदन यादव ,धर्मेंद्र कुमार ,सूरज केसरी ,सिक्की जीतू कुमार ,संजीत कुमार, संजय कुमार ,विक्की कुमार, इसके साथ ही अन्य कई रामभक्त उपस्थित थे।

## प्रखंड संकुल संसाधन केंद्र में सम्मान समारोह का आयोजन

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनिल मुमार**




बीआरसी भवन बरकट्ठा व चलकुशा प्रखण्ड के बीआरपी/ सीआरपी सम्मान समारोह का आयोजन बीईईओ बरकट्ठा अशोक कुमार पाल के नेतृत्व में की गई। मुख्य अतिथि विधायक अमित कुमार यादव उपस्थित हुए। वहीं प्रखंड के अजप्ता अध्यक्ष शशिभूषण प्रसाद, चलकुसा अध्यक्ष संतोष कुमार, पूर्व जिप प्रतिनिधि कलीम खान ,बीआरपी /सीआरपी संघ के जिला अध्यक्ष प्रवींद कुमार सिंह, सचिव ओम प्रकाश कुमार सम्मान समारोह में विशिष्ट अतिथि के रुप में उपस्थित हुए ।मंच संचालन शिक्षक यमुना साव ने किया। मुख्य अतिथि विधायक अमित कुमार यादव को सीआरपी/ बीआरपी की समस्याओं से प्रखंड अध्यक्ष रामकृष्ण पांडेय ने अवगत कराया बताया कि हम लोग 18 वर्ष से कम मानदेय में कार्य कराया जा रहा हैं। आप हमारी बातों को विधानसभा में रखें ताकि हम सबों का भविष्य सुरक्षित हो सके। सम्मान समारोह में उपस्थित लोगों ने भी अपनी बातें रखी ।बीईईओ अशोक कुमार पाल ने बरकट्ठा व चलकुशा के सीआरपी/ बीआरपी द्वारा किए गए कार्यो का विस्तृत डेटा विधायक एवं उपस्थित लोगों के बीच रखा। कहा कि सम्मान मिलने से लोगों प्रोत्साहित होते हैं। विधायक अमित कुमार यादव ने सीआरपी/ बीआरपी को संबोधित करते हुए कहा कि आप इमानदारी पूर्वक झारखंड की शिक्षा को बेहतर करें, मैं आपकी समस्याओं को विधानसभा में रखुंगा ।वहीं बरकट्ठा अजप्ता अध्यक्ष ने सीआरपी बीआरपी के कार्यो की सराहना की । विदित हो कि बीईईओ बरकट्ठा के द्वारा प्रत्येक वर्ष सम्मान समारोह का आयोजन किया जाता रहा है। बीईईओ व विधायक अमित यादव के द्वारा संयुक्त रुप से सीआरपी/ बीआरपी एवं अन्य कर्मियों को डायरी व पेन देकर सम्मानित किया ।मौके पर मुख्य अतिथियों के अलावे बरकट्ठा व चलकुशा के समस्त सीआरपी /बीआरपी ,बीपीएम, फिजियोथैरेपिस्ट ,प्रखंड संसाधन कर्मी समेत अन्य आगंतुक उपस्थित थे।




## विधायक उमाशंकर अकेला को बदनाम करने की रची जा रही है साजिश : डॉ निजामुदीन अंसारी

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



डॉ निजामुदीन

अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष सह बरही विधानसभा के मीडिया प्रभारी निजामुद्दीन अंसारी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि कुछ राजनीतिक दलों द्वारा एक सुनियोजित साजिश के तहत बरही विधानसभा के विधायक उमाशंकर अकेला को राजनीतिक नुकसान पहुंचाने के लिए विभिन्न तरह के झूठे प्रोपेगेंडा सोशल मीडिया के जरिए किया जा रहा है। डॉक्टर अंसारी ने कहा कि पूर्व में भी कई चीजों के बारे में सोशल मीडिया में विधायक के विरुद्ध में जनता को दिग्भ्रमित करने का कार्य किया गया था जो बेबुनियाद साबित हुआ। वर्तमान समय में भी एक बेबुनियाद जो तथ्यों से परे है उस बात को जिसकी कोई सच्चाई नहीं है, सोशल मीडिया पर झूठी बात चला कर बरही विधायक को राजनीतिक और सामाजिक तौर पर बदनाम करने की साजिश की गई है। डॉक्टर अंसारी ने कहा कि रुपेश हत्याकांड में हजारीबाग जेल में बंद आरोपियों से उमाशंकर अकेला बरही विधानसभा के विधायक कि मिलने की बात पिछले दिनों कुछ सिरफिरे लोगों ने सोशल मीडिया पर चलाने का काम किया जिसकी कोई सच्चाई नहीं है जिस दिन यह सोशल मीडिया पर बातें चल रही थी उस दिन विधायक झारखंड विधानसभा के चल रहे सत्र में रांची में भाग ले रहे थे और इस बात को विधायक ने विधानसभा में भी स्पष्ट करने का कार्य किया कि वह सेंट्रल जेल में किसी भी आरोपी से कभी भी मिलने नहीं गए आखिर बड़ी विधानसभा में कुछ राजनी. तिक दल के लोग चुनाव से पूर्व इतने हड़बड़ाहट में क्यों हैं उन्हें इंतजार करना चाहिए चुनाव आने का और अगर जनता उन्हें पसंद करती है तो कोई उसे रोक नहीं सकता लेकिन इस तरह की गलत बातों का प्रचार करके जनता को दिग्भ्रमित करने का कार्य ना सिर्फ निंदनीय है बल्कि स्वच्छ राजनीति में एक गलत परंपरा की शुरुआत है जनता सही बात जानने के इच्छुक रहती है उसे गलत बातों से दिग्भ्रमित नहीं करना चाहिए दरअसल बरही विधानसभा के विधायक उमाशंकर अकेला 2009से 2014 में अपने विधायक काल में जिस प्रकार बरही विधानसभा का विकास किया था और उसके बाद उन्होंने जहां विकास की गति को छोड़ा था आज भी वही पड़ा हुआ है 2019 में चुनाव जीतने के बाद उमाशंकर अकेला ने जिस गति से जनता की समस्याओं पर ध्यान देना शुरू किया विपक्ष तिलमिला उठा विपक्ष के पास विकास से संबंधित बात करने का कोई मुद्दा नहीं है इसलिए जनता को गलत मुद्दों पर भटकाने का कार्य किया जा रहा है 56 गांव जो डीवीसी द्वारा स्थापित 1952 में किया गया था आज तक उनको देवी सी द्वारा दी गई जमीन का मालिकाना हक दिलाने के लिए पूर्व के विधानसभा के किसी विधायक ने जनता के इस ज्वलंत समस्याओं पर कभी गंभीरता से पहल करने का कार्य नहीं किया गया दो विधानसभा काल में उमाशंकर अकेला ने ना सिर्फ विस्थापित परिवारों को डीवीसी द्वारा दिए गए जमीनों का मालिकाना हक दिलाने के लिए विधानसभा में सवाल उठाया बल के इस संबंध में उच्च कमेटी बनाकर समस्याओं को हल करने की दिशा में कार्य कर रहे हैं। विपक्ष को पता है इन समस्याओं के हल होने पर झारखंड विधानसभा में जनता उन्हें नहीं भेजेगी इसलिए वर्तमान विधायक को झूठे मामले को प्रचारित कर इन्हें बदनाम करने की सा. जिश की जा रही है और जनता इन साजिशों को समझ भी रही है आने वाले समय में पुनः एक बार जनता इसका जवाब विपक्ष को दे देगी विपक्ष को अगर राजनीति करना है तो विकास के मुद्दे पर करें लेकिन विपक्ष बरही विधानसभा की जनता को जिस प्रकार झूठे मामले को प्रचारित कर दिग्भ्रमित करने का कार्य किया जा रहा है समय आने पर जनता इन तमाम बातों का जवाब वोट से दे देगी डाक्टर अंसारी ने हजारीबाग जिला प्रशासन से मांग किया है की बरही विधानसभाओं के विधायक उमाशंकर अकेला के बारे में रुपेश पांडे हत्याकांड के आरोपियों से हजारीबाग जेल में मिलने की बात का झुठ्ठा प्रचार सोशल मीडिया में किया गया है उसकी जांच कर वैसे गलत बातों का प्रचार करने वाले सोशल मीडिया के वैसे लोगों को चिन्हित कर उन पर कार्रवाई की जाए ताकि सोशल मीडिया के द्वारा किसी प्रतिष्ठित व्यक्ति को गलत तरीके से बदनाम करने की परंपरा को भविष्य में लगाम लगाया जा सके ऐसे लोगों को जेल के शिकंजे में बंद होना चाहिए जो समाज को दिग्भ्रमित करने का कार्य कर रहे हैं।



## RAINBOW SCHOOL BARHI

RAINBOW SCHOOL BARHI
UID NO. 20040117202

Shivpur (Gadlahi), Barhi, Hazaribag

Contact Number- 8210966457,8863095445

(A Better Educated Generation, A Better Future For Our Nation)


ADMISSION OPEN NOW




Built a Bright Future for Your Child. Give Your Child Education of Heart & Soul

### SALIENT FEATURES

- C.B.S.E. Pattern based Education (Upto X$^{th}$ Class)
- Eco Friendly Environment
- Admission through Entrance Exam
- Highly Experienced & Qualified Teachers and Staff
- Beautifully Aesthetically Designed Campus
- Stress Free & Pollution Free Environment
- Smart Classes, Computer Lab
- Project Based learning Music and Dance room
- Indoor & Outdoor Games and Sports Facilities
- Counselling Programs For Students & Parents
- Preparation & Remedial classes for Extra Support
- Whole Campus under CCTV Surveillance
- Transport Facility available
- School offers scholarship to meritious students
- R.O. Purified water facility
- Well Stocked Library
- Separate Common room (Toilet) Facilities for Boys & Girls
- Sufficient & Airy Classrooms
- Remedial Classes for Co-Curricular Activities
- Well Organised Programs on 26$^{th}$ Jan & 15$^{th}$ Aug.
- Celebration of "Saraswati Puja" with great Enthusiam
- Regular Organised Exams Periodically
- Facilated with Medical Kit, Sports Goods & P.T. Drum









इस प्रकार की शिक्षा प्रणाली का विकास करना हैं, जिसके द्वारा ऐसी युवा पीढ़ी का निर्माण हो सके जो राष्ट्रभक्ति से ओत–प्रोत हो, शारीरिक, प्राणिक, मानसिक, बौद्धिक दृष्टि से पूर्ण विकसित हो तथा जो जीवन की चुनौतियों का सामना सफलतापूर्वक कर सके, उसका जीवन अन्य लोगों को शोषण एवं अन्याय से मुक्त कराकर राष्ट्र जीवन को समरस, सुसंपन्न एवं सुसंस्कृत बनाने के लिए समर्पित हो।

——— डायरेक्टर (सिकंदर प्र0 कुशवाहा) की कलम से



## PHYSICAL ACADEMY BARHI

- Boys & Girl
- Indian Army
- T.A. Army
- S.S.C, G.d.
- indian Navy
- Indian Air Force
- झारखण्ड पुलिस




फिजिकल और रिटेन दोनो की तैयारी करवाई जाती है।

नोट – हमारे यहाँ हॉस्टल की भी सुविधा है। हमारे यहाँ डे–नाईट क्लास चलती है।

Teacher : Bikash Kumar (B.A.) Sudhir Kumar (B.TA)


Contact No.- 7979908106, 9128479677, 8083536881

Trainer : Bikash Kumar, Suraj Kumar (Army Excellent)

Training Place : कोबरा गेट के सामने (उज्जैना मैदान)

Office : नहर, तिलैया रोड, बरही, हजारीबाग




तापेश्वर प्रसाद
सामाजिक कार्यकर्ता

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## झारखण्ड विधानसभा में युवा सदन में हज़ारीबाग से बड़कागांव के विक्की करमाली का किया गया चयन

**अपेम लाइवः बड़कागांव**
**अमित मालाकार**



झारखंड विधानसभा रांची में 14 अप्रैल से 16 अप्रैल तक होने वाले झारखण्ड युवा सदन में विनोवा भावे विश्वविद्यालय की ओर से चयनीत उपाध्यक्ष छात्र सह पत्रकार चेपाखुर्द ग्राम निवासी विक्की करमाली अपने दायित्व को निभाएंगे। विक्की अपनी क्षेत्र के विभिन्न समस्याओं को युवा सदन में रखेंगे और समस्याओ का समाधान करवाने का प्रयास करेंगे । उक्त आशय की जानकारी विक्की करमाली ने दी है।

## चिरुडीह गोलीकांड को लेकर आज प्रदेश कांग्रेस कार्यालय के समक्ष धरना, एसआईटी से जांच कराने की मांग

**अपेम लाइवः बड़कागांव**
**अमित मालाकार**



बैठक में शामिल विशेश्वर नाथ चौबे एवं उपस्थित कांग्रेस कार्यकर्ता

चिरुडीह गोलीकांड स ` संबंधित केस में झारखंड सरकार के बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद के पिता पूर्व मंत्री योगेंद्र साव एवं पूर्व विधायक पत्नी निर्मला देवी को 10-10 वर्ष की सजा को लेकर कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने विधायक अंबा प्रसाद कार्यालय में बैठक की एवं चिरुडीह गोलीकांड की जांच एसआईटी से कराने की मांग की है। मांग को लेकर आज मंगलवार को बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के बड़कागांव , केरेडारी एवं पतरातू प्रखंड के कांग्रेसी कार्यकर्ता प्रदेश कांग्रेस रांची कार्यालय के समक्ष एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर मामले की जांच एसआईटी से कराने की मांग करेंगे। मौके पर बड़कागांव प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे ने कहा कि आज मंगलवार को कांग्रेस कार्यालय रांची में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया जाएगा। मांगे पूरी नहीं होने पर बड़कागांव कांग्रेस कमेटी संयुक्त रूप से कांग्रेस पार्टी से इस्तीफा दे देगी। मौके पर उपस्थित लोगों में मुख्य रूप से प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे, संजय कुमार महतो, प्रशास. निक विधायक प्रतिनिधि सुरेश महतो ,पंकज कुमार साहू, पदुम साहू, शमशेर आलम, इंद्रदेव नायक ,शमीम अहमद ,आनंद कुमार, निर्मल महतो, के अलावा कई लोग उप. स्थित थे।

## थाना प्रभारी ने सानवी फैशन का किया उद्घाटन उचित दर पर ब्रांडेड कपड़े उपलब्ध : गोलू

**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**



उद्घाटन करते थाना प्रभारी व अन्य

चौथी मोड़ स्थित सी एम मिठाईवाला के नीचे तले में सनावी फैशन दुकान का उद्घाटन थाना प्रभारी स्वपन कुमार महतो व संचालक के पिता पंचानंद सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। इससे पूर्व वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजापाठ की गई। इस बाबत थाना प्रभारी ने कहा कि चौपारण एक बड़ा बाजार के रूप में उभर रहा है और बड़े शहरों के तर्ज पर यहां भी म०ल और दुकानें खुल रही है जिससे यहां के लोगों को काफी सहूलियत मिलेगी। वहीं संचालक सूर्यनारायण सिंह उर्फ गोलू ने बताया कि हमारे यहां उचित दर पर अच्छी क्वालिटी का कपड़ा उपलब्ध होगा। ग्राहकों की संतुष्टि का हर सम्भव प्रयास रहेगा। मौके पर , सोनू सिंह , सतानंद सिंह , सुबास सिंह, अंकुश सिंह , संदीप सिंह,सुजीत सिंह, ऋषिकांत सिंह संदीप सिंह,गोलू सिंह, गोल्डी सिंह जैकी सिंह,चंदन सिंह, दीपक यादव, मुकेश सिंह, दीपक सिंह, बब्लू सिंह,अभिमन्यु सिंह सहित कई लोग उप. स्थित थे

APEM LIVE




## एयरफोर्स में ट्रेनिंग के पश्चात, विद्यालय पहुंचकर शिक्षकों से लिया आशीर्वाद

**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**



चौपारण : प्रखंड के नवभारत जागृति केंद्र , बेहरा द्वारा संचालित सुरेखा प्रकाशभाई पब्लिक स्कूल, बहेरा के छात्र मनीष कुमार मिश्रा का चयन एयरफ़ोर्स ऑफिसर के पद पर हुआ। ट्रेनिंग के पश्चात छात्र अपने स्कूल पहुंच कर शिक्षकों का आशीर्वाद लिया। छात्र ने प्राचार्या रीना पांडेय को मिठाई खिलाकर आशीर्वाद लेकर सभी शिक्षकों से मिले और मिठाई खिलाया। प्राचार्या ने बताई की मनीष मेघावी छात्र था। स्कूल से 10वीं की परीक्षा में अच्छे अंक लाया था। एयर फोर्स की 14 महीने ट्रेनिंग कर चेन्नई में पोस्टेड है। नौकरी के बाद पहली बार घर पहुंचे और स्कूल में शिक्षकों से आशीर्वाद लिया। स्कूल सचिव गिरिजा सतीस, प्रबंधक गंधर्व गौरव ने मनीष की कामयाबी पर उज्जवल भविष्य की कामना किया। प्राचार्या ने कही की मेहनती छात्र हमेशा ही कामयाब होता है। मनीष भी क्षेत्र के लिए एक पहचान बनेगा।

APEM LIVE

दिनांक: 28-03-2022

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर



## कर्णपुरा कश्ललेज में दो दिवसीय है नई शिक्षा नीति 2020 को लेकर राष्ट्रीय सेमिनार संपन्न

**अपेम लाइवः बड़कागांव**
**अमित मालाकार**




पूर्व विधायक लोकनाथ महतो को सम्मानित करते प्राचार्य कृति नाथ महतो

कर्णपुरा कॉलेज में नहीं शिक्षा नीति 2020 को लेकर की गई दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का अ०नलाइन समापन दूसरे दिन सोमवार को हो गई। क०लेज के प्रभारी प्राचार्य कृति नाथ महतो के द्वारा 400 स्क०लर एवं विद्यार्थियों के बीच सर्टिफिकेट का वितरण किया। उक्त कार्यक्रम का आयोजन में संचालक नि. रंजन प्रसाद नीरज, अंजलि नीरज, कल्पना कुमारी एवं सुनील कुमार दास समेत क०लेज के कई शिक्षकों का योगदान सराहनीय रहा। उपस्थित अतिथि गणों ने नई शिक्षा नीति को लेकर कई महत्वपूर्ण जानकारियां लोगों को दी और शिक्षा को मजबूती से अपनाने की सलाह अभिभावकों को दी गई। मौके पर क०लेज के सचिव टूकेश्वर प्रसाद ने कहा कि क०लेज की विकास एवं क०लेज में शिक्षा को और बेहतर करने को लेकर कई महत्वपूर्ण कार्य किए जाएंगे । वहीं प्राचार्य कृति नाथ महतो ने कहा कि विद्यार्थी गंभीरता पूर्वक अपने समय का उपयोग करें ।जो समय बीत जाएगा वह कभी लौटकर नहीं आएगा। आपके परिवार का भविष्य आपके ऊपर ही टिका है इसलिए कुछ बेहतर करने का प्रयास करें ।मौके पर उपस्थित लोगों में मुख्य रूप से कर्णपुरा क०लेज के प्राचार्य कृति नाथ महतो, सचिव टूकेश्वर प्रसाद, नि. रंजन प्रसाद नीरज, , सुरेश महतो, कल्पना कुमारी, सुनील कुमार दास, अनु कुमारी, ज्योति जलधारा, मोहम्मद फजरुदीन , नरेश कुमार दांगी के अलावा कई गणमान्य और विद्यार्थी उपस्थित थे।

## रामनवमी के मदेनजर 3 सौ लोगों पर थाना में 107 का मामला दर्ज

**अपेम लाइवः बड़कागांव**
**अमित मालाकार**




बड़कागांव में रामनवमी की त्योहार को देखते हुए प्रखंड में शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर प्रशासन की ओर से तैयारियां जोरों पर शुरू कर दी गई है। बड़कागांव थाना में प्रखंड के सभी पंचायतों से लगभग 300 लोगों पर 107 का मामला दर्ज किया गया है। मामले को लेकर थाना प्रभारी गौतम कुमार ने कहा कि उच्चअधिकारी के निर्देशानुसार प्रखंड में शांति व्यवस्था बनाए रखने को गंभीरतापूर्वक लिया जा रहा है कई महत्वपूर्ण कार्य किए जा रहे हैं। ताकि त्यौहार में कोई शरारती तत्व खलल पैदा नहीं कर सके। अब तक प्रखंड में लगभग 300 लोगों पर 107 किया गया है। कई और लोगों को चिन्हित किया जा रहा है। जिन पर जल्द से जल्द 107 किया जाएगा।

## कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व मुस्लिम कमेटी पंडरिया के सदर मुस्लिम मियां नहीं रहे लोगों ने शोक व्यक्त किया

**अपेम लाइवः बड़कागांव**
**अमित मालाकार**



सदर मुस्लिम मियां

प्रखंड के सिरमा पंचायत के ग्राम पंडरिया निवासी वरिष्ठ कांग्रेसी नेता एवं पंडरिया ग्राम मुस्लिम समाज के सदर 85 वर्षीय मुस्लिम मियां नहीं रहे ।सोमवार की सुबह 9रू00 बजे अंतिम सांस ली ।उनके निधन पर विधायक अंबा प्रसाद समेत प्रखंड के तमाम कांग्रेसी कार्यकर्ता ने शोक व्यक्त किया। बड़कागांव प्रखंड कांग्रेस कार्यालय में प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे के अध्यक्षता में शोक सभा का आयोजन कर 2 मिनट मौन रख उनकी आत्मा की शांति के लिए भगवान से प्रार्थना की ।विशेश्वर नाथ चौबे ने कहा कि मुस्लिम मियां की कमी सदैव पार्टी को खलेगी उनकी भरपाई कतई नहीं की जा सकती है ।शोक व्यक्त करने वालों में मुख्य रूप से प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे, मुखिया वाजिद अली, वाहिद हुसैन, संजय कुमार महतो, प्रशासनिक विधायक प्रति. निधि सुरेश महतो, हाजी तबस्सुम, पंकज कुमार, पदुम साव, शमशेर आलम, खजांची अफसर ,वसीम फिरोज, मोहम्मद सलाउद्दीन, जमाल सगीर,इंद्रदेव नायक ,शमीम अहमद ,आनंद कुमार, निर्मल महतो के अलावा कई लोग उपस्थित थे।

## सी आर पी एफ के एफ 190 बटालियन ने बिरेखाप के बिरहोरों की ली सुध

### शिविक एक्शन प्रोग्राम के तहत बिरहोरों के गांव में लगाया स्वास्थ्य जांच शिविर

### कई बीमारियों के लिए जांच कर दिया गया दवा एवं वितरण किया गया कम्बल,बर्तन,रेडियो एवं साड़ी

**अपेम लाइव : कान्हाचट्टी**
**प्रमोद सिंह**



कान्हाचट्टी : प्रखण्ड के बिरेखाप गांव में सी आर पी एफ के कमांडेंट मनोज कुमार के निर्देश पर बिरहोरों के गांव में शि. विक एक्शन प्रोग्राम के तहट राजपुर सी आर पी एफ 190 बटालियन के एफ कम्पनी के सहायक कमांडेंट अनिल कुमार राय के देख रेख में चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया ।जिसमें दजनो बिरहोर परिजन के गरीब और जरूरतमंद आदिम जनजाति के परिवारों का श्वास्थ्य जांच कर उनके बीमारी के मुताबिक दवा का वितरण भी किया गया ।इस शिविर में सी आर पी एफ के चिकित्सक ड० अभिषेक पांडेय एस एम ओ के 190 बटालियन के द्वारा जांच के पश्चात दवाइयां भी वितरित की गई ।वहीं जरूरत मंद बिरहोरों के बीच सी आर पी एफ ने कम्बल,कड़ाही,साड़ी, रेडियो भी वितरण किये ।दजनो लोगो को जांच कर दवाइयां दी गई ।वहीं बिरहोरों के साथ साथ बिरेखाप के अन्य लोगो को भी लाभ दिया गया ।बिरहोर परिवारों को एवं गांव के गरीब गुरुओं को खाना भी खिलाया गया ।मौके पर पत्रकारों को सहायक कमांडेंट अनिल कुमार राय ने कहा कि बिरहोरों को खाना खिलाने के बाद बहुत ही शुकुन मिला ।वही उन्होंने कहा कि बिरहोर परिवार पहले भले ही घुमन्तु परिवार थे परन्तु वर्तमान समय मे बिरहोर का एक बड़ी जनसंख्या बिरेखाप में रह रहे हैं उन्हें वैसा सुविधा नहीं मिल रहा है। श्री राय ने बिरहोर बच्चो को पढ़ने के लिए प्रेरित भी किया ।वही डॉक्टर अभिषेक पांडेय ने कहा कि जिस आदिम जनजाती के बिरहोर परिवारों को आज इलाज करने में सुकून मिला और यदि इनके कोई भी बीमारी में और बेहतर इलाज कोई बीमारी में जरूरत पड़ी तो वो भी हमारी सी आर पी एफ करेगी। इधर बिरेखाप के सोनू बिरहोर ने कहा कि पहली बार हमारे गांव के बिरहोरों के इलाज की सुध लेने सी आर पी एफ के पुलिस एलथिन हे जेकर चलते हमनी शबे बिरहोर परिवारन के लोग खुश हथीन ।बताते चले कि पहली बार इस तरह का इलाज के लिए गाव में शिवर लगाया गया था ।मौके पर सी आर पी एफ के दर्जनो जवान भी मौजूद थे।

## बीओआई ग्राहक सेवा केन्द्र का उद्घाटन

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथलेश गोल्डी**



विष्णुगढ़ में ग्राहक सेवा केन्द्र का उद्घाटन करते जिप सदस्य समेत

विष्णुगढ़ प्रखंड के नागी में सोमवार को बैंक अ०फ इंडिया बिष्णुगढ़ शाखा के ग्राहक सेवा केंद्र का उद्घाटन पूर्वी जिला परिषद सदस्य मिथिला पटेल ने फीता काटकर किया। ग्राहक सेवा केंद्र के संचालक अजीत कुमार हैं। जिप सदस्य मिथिला पटेल ने कहा कि केंद्र खुलने से लोगों को काफी सुविधा होगी। बचत के पै. सों की जमा व निकासी के अलावा बैंक से संबंधी सभी प्रकार के सुविधाएं इस केंद्र के माध्यम से आसानी से प्राप्त होंगे। ग्रामीणों को अब दूर जाने की परेशानी से निजात मिलेगा। इस दौरान कोड. रमा सांसद प्रतिनिधि भुवनेश्वर पटेल, अविरल टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड डायरेक्टर दीपक गोयल, प्रोजेक्ट मैनेजर सुमित वर्मा, बिजनेस डेवलपमेंट ऑफिसर आलोक आनंद, विनीत आनंद, नीरज गुप्ता टेंि. क्नकल सपोर्ट थानेश्वर महतो, मोहन सोरेन, रामेश्वर महतो, जानकी पटेल, चेतलाल महतो, खेलोचंद महतो समेत कई लोग मौजूद थे।

APEM LIVE

THE MECHANICS

विक्रम बाइक रिपेयरिंग सेंटर

प्रो० – विक्रम कुमार

हमारे यहां सभी प्रकार का बाइक रिपेयर किया जाता है।



TVS Hero BAJAJ HONDA YAMAHA SUZUKI ROYAL ENFIELD PIAGGIO Mahindra

पता : कोइली मोड़, रसोइया धमना | संपर्क सूत्र :- 6200723851

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर



## हाइवा ने बाइक सवार को मारी टक्कर, बाल बाल बचे बाइक सवार

**अपेम लाइव : गांवा**
**मोजाहिद अली**



गांवा पटना मुख्य मार्ग पर गांवा पटना पुल के समीप सोमवार को एक हाईवा ने टक्कर मार दिया। टक्कर मारने के उपरांत बाइक सवार अनियंत्रित होकर गिर गया जिससे बाइक का कुछ पार्ट्स पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त हो गया वहीं हाईवा चालक किसी तरह वहां से भाग निकले। घटना के बाद मौके पर स्थानीय थाना प्रभारी पिंटू कुमार पहुंचकर घटना का जायजा लिया एवं बाइक को जप्त कर हाईवा को सि. कंजे में लेने की प्रयास कर रहे हैं। इस संबंध में बाइक सवार पवन दास ने बताया कि वह घर को रंगने का काम करते हैं और वह सेरुआ से पटना में किसी घर को रंगने आए थे, रंग कर निकलने के क्रम में अचानक से तेज रफ्तार ने उनको जोरदार टक्कर मार दिया जिससे बाइक पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया एवं हम किसी प्रकार वहां सेबच निकले। सड़क की स्थिति बदतर होने से हमेशा है दुर्घटना होने की संभावना ग्रामीणों ने बताया कि सड़क के सिंगल सड़क होने के कारण हमेशा जाम लगती है एवं सड़क की स्थिति ऐसी रहती है कि प्रायः यहां दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है।

## भाकपा माले ने गावां में भारतीय ट्रेड यूनियनों के दो दिवसीय हड़ताल के समर्थन में निकाला प्रतिवाद मार्च

**अपेम लाइव : गांवा**
**मोजाहिद अली**



गावां बाजार में सोमवार को मजदूर इकाई झामस (झारखंड मजदूर सभा) के द्वारा गांवा प्रखंड पार्टी कार्यालय से ट्रेड यूनियनो के दो दिवसीय हड़ताल के समर्थन में भाकपा माले द्वारा प्रतिवाद मार्च किया गया। धनवार पूर्व विधायक राजकुमार यादव नें कहा कि देश मे किसान बिल की तरह ही 4 लेबर कोड लाया जा रहा जो मजदूरों को गुलाम बनाने की सा. जिश है, मजदूरों के अधिकार का शोषण है ,और एन केन प्रकरण से इस मिश्रित सामाजिक अर्थव्यवस्था वाले देश को पूंजीवादी अर्थव्यवस्था में तब्दील करने की साजिश मोदी सरकार के द्वारा किया जा रहा है। इसलिए किसान आंदोलन के तर्ज पर हरेक वर्ग के मजदूरों को इस केंद्र सरकार के खिलाफ संघर्ष करना होगा तब जाकर मजदूर अपने हक अधिकार को सुरक्षित रख पाएंगे। उन्होंने कहा की रेल जनता की संपत्ति है लेकिन भाजपा सरकार एयर इंडिया, एलआईसी, बीएसएनल और रेलवे को एक-एक करके बेचने का काम कर रही है, जो सरकार नौजवानों को बेरा. `जगार नहीं दे सकती वह सरकारी संपत्ति को नीलाम करना चाहती है। मोदी सरकार को संसद में बहुमत मिलने का मतलब यह कतई नहीं हो सकता कि मोदी रेलवे को निजी हाथों में बेच दे। मोदी सरकार के राज में जनता के ऊपर हो रहे अत्याचार का पूरा देश मिलकर जवाब देगा। मौक़े पर जिला कमिटी सदस्य सकलदेव यादव, आनंदी यादव, अकलेश यादव, अशोक यादव, पवन चौधरी, प्रवीण कुमार, जीतेन्द्र कुमार, प्रदीप कुमार, रंजीत कुमार, दिलीप यादव समेत सैकड़ो लोग मौजूद थे।

## गावां में कैंप लगा कर दिव्यांगों का किया गया जांच, दिया गया प्रमाणपत्र

**अपेम लाइव : गांवा**
**मोजाहिद अली**



गांवा में सोमवार को दिव्यांग जनों एवं विकलांगों का जांच किया गया जिसमे विकलांग बोर्ड के कई डॉ एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी दीपक प्रसाद मुख्य रूप से उपस्थित थ. `।आंगनबाड़ी सेविका के माध्यम से प्रखंड के विभिन्न प्रखण्ड से विकलांग एवं दिव्यांग लोगो को प्रखंड सभागार में तीन फोटो एवं आधार कार्ड के साथ लाया गया। विकलांग बोर्ड की टीम के द्वारा कुल प्रमाण पत्र बना कर उनके बीच तत्काल विकलांग सर्टिफिकेट दिया गया। मौके पर मुख्य रूप से प्रभारी चिकित्सा पदा. धिकारी डॉ चंद्रमोहन कुमार, बेटीटी राजदा खातून ,बीपीएम प्रमोद कुमार बर्नवाल सेविका गुलशन आरा, कैलाश सत्यार्थी फाउंडेशन से सुरेंद्र त्रिपाठी, मो0 आरिफ अंसारी, वेंकटेश प्रजापति, पंकज कुमार,भीम चौधरी, सतीश मिस्त्री, श्रीराम कुमार,सुरेन्द्र सिंह और कृ ष्णा पासवान आदि दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## यज्ञ समिति कोल्हासिंघा, मोतीलेदा ने यज्ञ क्षेत्र में धर्म ध्वज लगाया

**अपेम लाइव :**
**गिरिडीह टाउन**
**आदित्य पांडेय**




गिरिडीह ज़िला के बेंगाबाद थाना क्षेत्र स्थित कोल्हासिंघा (मोतीलेदा) में आगामी एक मई से लेकर नौ मई तक होनेवाली श्री श्री 1008श्री हनुमत प्राण प्रतिष्ठा सह श्री रामचरित मानस महायज्ञ को लेकर पूरे क्षेत्र में धार्मिक ध्वज घरों गलियों, रास्तों, मंदिरों, चौक चौराहे पर लगाया गया। साथ ही स्थानीय लोगों को मांसाहारी भोजन, शराब सेवन और बिक्री पर रोक लगाने के लिए यज्ञ समिति द्वारा जागरूकता अभियान चलाया गया। यज्ञ समिति के अध्यक्ष रीतलाल प्रसाद वर्मा ने विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि यज्ञ नौ दिनों तक लगातार चलेगी। यज्ञ को विधिवत् पूर्ण कराने के लिए अवध धाम से यज्ञाचार्य संजय कृष्ण शास्त्री को आमंत्रित किया गया है। वृंदावन से कथावाचिका साध्वी सुश्री रत्नामणि द्विवेदी और अयोध्या से कथा वाचक ध्रुव महाराज को आमंत्रित किया गया है। यज्ञ समिति के सचिव नरेश कुमार वर्मा ने कहा कि एक मई को भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी उसके उपरांत यज्ञ कार्यक्रम का शुभारंभ होगा जो नौ मई तक चलकर भंडारे के साथ समापन हा. `गी। यज्ञ समिति के कोषाध्यक्ष जितेन्द्र कुमार वर्मा ने कहा कि मैं और हमारी यज्ञ समिति पूरे गिरिडीह जिला सहित राज्य और देश के धर्मप्रेमियों को यज्ञ में सादर आमंत्रित करता हूं आप सभी धर्मप्रेमी हमारे यज्ञ स्थल पर पधारे सपरिवार और पुण्य का भागी बने और हम ग्रामवासीयों को सेवा करने का मौका दें। आज के इस ध्वजारोहण सह जागरूकता कार्यक्रम में मुख्य रूप से रवि प्रसाद वर्मा, पूरन प्रसाद वर्मा, सूरज प्रसाद वर्मा, बबलू प्रसाद वर्मा, सुरेंद्र प्रसाद वर्मा, रवि वर्माऔर सुनिल वर्मा सहित कई गणमान्य लोगों ने अपना साथ दिया

## बिरनी मे संचालित चार अवैध आरा मिल पर वन विभाग का पड़ा छापा, लगभग 2 लाख की लकड़ी व् मशीन किया जब्त

**अपेम लाइव : बिरन**
**सब्बा अहमद**



बिरनी प्रखण्ड क्षेत्र में सोमवार को अलग अलग गांव के चार अवैध आरा मिल पर वन विभाग के अधिकारियो ने छापा मारा जिसमे मरगोड़ा , बलगो, व पेशम सुइयाडीह गांव सामिल है इस सम्बंध में बताया जाता है कि सभी संचालित अवैध आरा मिलो पर गुप्त सूचना के आधार पर डीएफओ गिरीडीह प्रवेश अग्रवाल के निर्देशानुसार वन विभाग ने छापेमारी किया। जिसमें मरगोड़ा स्थित अवैध आरा मिल जिसका संचालक संजय राणा , बलगो अवैध आरा. मिल का संचालक सहदेव यादव बताया गया है छापेमारी में लगभग दो लाख के महंगी लकड़ी तथा 1लाख 75 हजार के आरा मशीन व जेनरेटर को मौके पर जब्त किया गया। छापेमारी में संचालक मौके से फरार हो गए। छापेमारी में गम्भहार, शीशम अकेसिया, लिप्ट्स, अंजन आदि की लकड़ियों को जब्त किया गया। जिसकी अगुवाई रेंजर एस के रवि कर रहे थे। रेंजर एस के रवि ने बताया कि लगातार सूचना मिल रही थी कि बिरनी प्रखण्ड क्षेत्र दर्जनों अवैध आरा मिल संचालित किया जा रहा है। इस संदर्भ में गिरीडीह डीएफओ प्रवेश अग्रवाल के आदेश पर आज छापेमारी की गई तथा छापेमारी की सिल. सिला अभी जारी रहेगी। छापेमारी में प्रभारी वनपाल मनीष राय, हरिशंकर वर्मा, एंथोनी, सुमित सिंह, सुरुचि कुमारी, दीपक कुमार, सूरज चौधरी सागर कुमार समेत दर्जनों वन रक्षी शामिल थे।



दिनांक: 28-03-2022

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूज़पेपर



## श्रमिक, किसान छात्र विरोधी नीतियों के खिलाफ़ दो दिवसीय राष्ट्रव्यापी हड़ताल

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**




दो दिवसीय राष्ट्रव्यापी हड़ताल केप्रथम दिन हड़ताल काफी असरदार रहा–धर्मप्रकाश आज से गिरिडीह में 10 केंद्रीय श्रम संगठनों एवं 100 से अधिक एसोसिएशन और फेडरेशन के आवाहन पर 28–29 मार्च 2022 को आहूत दो दिवसीय राष्ट्रव्यापी हड़ताल के प्रथम दिन हड़ताल काफी असरदार रहा। गिरिडीह जिले के सभी बैंक बीमा आदि कार्यालयों में लटके रहे ताले। बैंक एवं बीमा के सैकड़ों कर्मचारियों ने अ०ल इंडिया इंश्योरेंस एंपलाइज एसोसिएशन, बैंक इंप्लाइज फेडरेशन ऑफ इंडिया ,ऑल इंडिया बैंक एम्पलाइज एसोसिएशन, बीएसएसआर यूनियन के बैनर तले एलआईसी गिरिडीह मुख्य शाखा परिसर में धरना पर बैठे कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बीमा कर्मचारी संघ के सचिव धर्म प्रकाश ने कहा कि दो दिवसीय हड़ताल आम जनों के मुद्दों को लेकर किया जा रहा है। केंद्र सरकार के विनि. वेशीकरण एवं निजीकरण की नीति, महंगाई, बेरोजगारी , देश की परिसंपत्तियों को निजी औद्योगिक घरानों को सौंपने की नीति के खिलाफ हड़ताल किया जा रहा है। हमारी मुख्य छः सूत्री मांगे –एलआइसी में आईपीओ वापस लो, श्रमिक विरोधी कानूनों को वापस लो, बढ़ती महंगाई पर रोक लगाओ, सार्वजा. निक क्षेत्र की साधारण बीमा निगम के निजीकरण का प्रस्ताव वापस लो, सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों का निजीकरण बंद हो और किसानों को उनके उत्पाद का उचित मूल्य दो है। आज के इस दो दिवसीय हड़ताल को संबोधित करते हुए गिरिडीह सदर के माननीय विधायक सुदीव्य कुमार सोनू ने कहा कि हमारे देश को लोक कल्याणकारी राज्य का दर्जा दिया गया है। कल्याणकारी राज्य परिसंपत्तियों और संसाधनों के असमान वितरण को नियंत्रित करता है। लेकिन दुर्भाग्यवश 2014 के बाद संसाधन कुछ हाथों में संकुचित हो गया, सरकार के विनि. वेशीकरण की नीतियों के कारण देश में आर्थिक असमानता बढ़ी है। मैं इस हड़ताल को अपना नैतिक समर्थन देता हूं। कार्यक्रम को बैंक एम्पलाइज फेडरेशन ऑफ इंडिया के गौतम कुमार ऑल इंडिया बैंक एंप्लाइज एसोसिएशन के उदय सिंह बीएसएसआर यूनियन के मृदुल कांति दास माले नेता राजेश कुमार सिन्हा झारखंड मुक्ति मोर्चा नेत्री प्रमिला मेहरा एपवा माले नेत्री प्रीति भास्कर चिकि. कत्सा कर्मचारी संघ के जिला मंत्री अंजनी कुमार वर्मा बीमा कर्मचारी संघ के कुमकुम वाला बर्मा श्वेता कुमारी , शिखा सिंह पुष्पा कुमारी आदि ने संबोधित किया वक्ताओं ने केंद्र सरकार की नीतियों की जमकर आलोचना की। सरकार के द्वारा लागू गलत नीतियों के खिलाफ़ नारे लगाए गए। कार्यक्रम में संजय शर्मा अनुराग मुर्मू कुमकुम वाला बर्मा श्वेता कुमारी प्रज्ञा आनंद अंशु कुमारी दीपक कुमार पासवान प्रवीण कुमार हसंदा उमा नाथ झा राजेश कुमार डेनियल मरांडी सबा परवीन नरेंद्र कुमार दास मृत्युंजय कुमार सीताराम दीपक कुमार लाल अजय आनंद जुगल किशोर दीनानाथ सिंह शैलेंद्र कुमार दास फिलिप किसको ध्रुव कुमार, सुनिल कुमार, महेश कुमार, फागू मंडल (बीसी) नवलकिशोर दास (बीसी), सुरेश शर्मा (बीसी) सहित सैकड़ों एलआईसी बैंक के कर्मचारियों ने भाग लिया।

## पर्लवाइन इंटरनेशनल ने आयोजित किया मोटिवेशनल प्रोग्राम

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**




गिरिडीह के सिरसिया स्थित मंगलमूर्ति होटल में पर्लवाइन इंटरनेशनल ने मोटिवेशनल प्रोग्राम को आयोजित किया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि रांची के विजय पंडित (टोपाज) और मुख्य अतिथि गिरिडीह के रामदेव प्रसाद वर्मा (टोपाज) थे। कार्यक्रम की शुरूआत राष्ट्रीय गान के साथ किया गया। विशिष्ट अतिथि और मुख्य अतिथि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत उद्‌घाटन किया। आज के इस कार्यक्रम में बिहार, झारखंड, बंगाल सहित छत्तीसगढ़ के महीला पुरुष सम्मिलित हुए। महिलाओं की अच्छी खासी उपस्थिति रही। मोटिवेशनल प्रोग्राम को संबोधित करते हुए टोपाज पर पहुंचे रामदेव प्रसाद वर्मा ने कहा कि पर्लवाइन इंटरनेशनल बेरोजगारों के लिए रोजगार प्राप्त करने के लिए एक बेहतर प्लेटफार्म है। आज राज्य ही नहीं बल्कि पूरे देश में बेरोजगारी एक विकराल समस्या बन चुकी है। ऐसे में पर्लवाइन इंटरनेशनल बेरोजगारों के लिए बेहतर विकल्प बनता जा रहा है। आज लाखों लोग पर्लवाइन में जुडकर अच्छी खासी इनकम प्राप्त कर रहे हैं। आज के इस कार्यक्रम को विशिष्ट अतिथि विजय पंडित ने संबोधित करते हुए कहा कि पर्लवाइन इंटरनेशनल संयुक्त परिवार के जैसा मजबूत है। आप सभी के अंदर जो लग्न और जोश है उसका भरपूर उपयोग करके ज्यादा से ज्यादा इनकम प्राप्त करें। कार्यक्रम के अंतिम क्षणों में पर्लवाइन इंटरनेशनल में टोपाज, अनेथिस्ट, क्वार्ज और ओनिक्स पर पहुंचे मेंबरों को फूल माला पहनाकर ट्र०फी और बुके देकर सम्मानित किया गया और पर्लवाइन में और बेहतर भविष्य और इनकम प्राप्त करने की शुभक. ामनाए दी मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथि ने संयुक्त रूप से। आज के इस कार्यक्रम में संतोष पाण्डेय (टोपाज), गौतम पाल (अमेथिस्ट) जयंत बरई(अमेथिस्ट) अमर कुमार (अमेथिस्ट), जयप्रकाश मंडल (क्वार्ज) आदित्य पांडेय (क्वार्ज़) राजीव कुमार (क्वार्ज) राजेश कुमार (क्वार्ज) किशुन गोप (क्वार्ज) गुरुचरण हजाम (क्वार्ज) मनीष वर्मा, दिनेश वर्मा, शिवकुमार वर्मा, माथुर वर्मा, रितेश कुमार वर्मा, फागू यादव, पुनीत विश्वकर्मा सहित सैंकड़ों लोग मौजूद थे।

